1. About

(a) Introduction (ULB Introduction)

लालसोट कस्बा पूर्वी राजस्थान के दौसा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11ए, 11बी पर स्थित हैं। यहां रेलवे लाईन नहीं है अपितु मुख्य यातायात व परिवहन सड़क मार्ग से होता हैं, यहां की सड़के दौसा, जयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर एवं करोली जिलों को जाती हैं। इस प्रकार सड़कों की दृष्टि से सड़को का जंक्शन हैं। लालसोट पहले ग्राम पंचायत थी जो 01.07.1976 में राज्य सरकार द्वारा नगरपालिका बनाई गई। नगरपालिका क्षेत्र में पूर्व में 15 वार्ड थे जो सन् 2000 में राज्य सरकार द्वारा 20 वार्ड बनाये गये एवं सन् 2003 में राज्य सरकार द्वारा 25 वार्ड बनाये गये हैं। वर्तमान में नगरपालिका क्षेत्र में 25 वार्ड हैं।